विद्युत मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कल्पनाथ राय) (क) से (ग) अनपारा "ब" ताप विद्युत केन्द्र से संबद्ध पारेषण, प्रणाली, उत्तर प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड (उ.प्र.रा.बो.बो.) सातवीं योजना पारेषण कार्य (220 के.वी. तथा अधिक) जिसकी अनुमानित लागत (1207.12 करोड रुपए थी, का एक भाग थी। इसमें शामिल अनपारा पारेषण प्रणाली की, लागत 422.56 करोड रुपए थी। सहायता के संदर्भ में ओ.ई.सी.एफ., जापान तथा उ.प्र.रा.बि.बो. का हिस्सा निम्नानुसार है :—

—ओ.ई.सी.एफ. सहायता के माध्यम से किए जाने वाले पारेषण कार्यों की लागत	378.61 करोड़ रु०
—राज्य द्वारा पारेषण कार्यों की लागत	43.95 करोड रु०

दिसम्बर, 1989 में उ.प्र.रा.बि.बो द्वारा ओ.ई.सी.एफ. से संबंधित पारेषण कार्यों की लागत को ओ.ई.सी. एफ. विद्युत विभाग/के.वि.प्रा. के परामर्श से संशोधित करके 525.10 करोड़ रुपए कर दिया गया था। उक्त अनुमान के अनुसार वित्त पोषण संबंधी स्वरूप निम्नानुसार है :—

I. ओ.ई.सी.एफ. वित्त पोषण के अंतर्गत कार्यों की लागत

(1) ओ.ई.सीए.फ. द्वारा सम्भावित वित्तपोषण (विनिमय दर—6.5 येन=1 रूपये	412.79 करोड़ रुपए)
(2) करों तथा प्रशासनिक प्रभारों के संदर्भ में उ.प्र. रा.बि.बो. द्वारा वित्तपोषण की जाने वाली लागत	112.40 करोड़ रुपये
(3) अनपारा पारेषण से सम्बद्ध अन्य कार्य जो ओ. ई. सी. एफ. के अंतर्गत शामिल नहीं हैं	43.95 करोड़ रूपय

पूर्व नियोजित पारेषण प्रणाली से संबंधित कार्य काफी पिछड़ गया है। चूंकि ओ.ई.सी.एफ. से निधियां अभी आवश्यक नहीं हैं, अतः उ.प्र.रा.बि.बो. से निधियों को जारी किए जाने हेतु कोई अनुरोध प्राप्त नहीं हुआ है। विलम्ब के कारणों में अन्य बातों के साथ-साथ ये शामिल है :—

उ.प्र.रा.वि.बो. के सामने निधियों संबंधी समस्यायें होना, अपारा-उन्नाव 765 कि.मी. लाइन के लिए परामर्शदाता की नियुक्ति में विलम्ब होना और वनरोपण कार्य हेतु भूमि का निर्धारण न कर पाना।

उत्तर प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड को इन कार्यों में तेजी लाने को कहा गया है।

STD facilities in Bihar

*552. **SHRI S' S. AHLUWALIA** Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that number of towns and importan cities despite the fact that telephon facilities are existing therein fc quite a long period;

(b) if so, what are the reasor therefor;

(c) whether Government hav drawn any action plan for providin STD facilities in the State of Biha in the near future;

(d) if so, the details thereof; an

(e) by when Government propos to provide STD facilities throughou the State of Bihar?

THE MINISTER OF STATE C THE MINISTRY OF COMMUNIC/ TIONS (SHRI RAJESH PILOT): (a No, Sir. Most of the important citi and towns are covered by STD facil ty.

(b) Question does not arise.

(c) Yes, Sir.

(d) 209 stations in Bihar have ST facility.

All district headquarters are having STD facilities. Out of 99 Sub-divisional headquarters 83 are having STD facility. Remaining 16 Sub Divisional Headquarters are planned to be covered during current financial year subject to availability of equipment. (Details in Statement) (*See below*)

(e) Progressively during the 8th plan period subject to the availability of resources.

Statement

1. Bagha
2. Bikramganj
3. Dalsinghasarai
4. Hilsa
5. Japla
6. Naugachia
7. Piro
8. Phulparas
9. Rajauli
10. Rajmahal
11. Simdega
12. Saraikela
13. Udakishanganj
14. Tenughat
15. Haveli Kharagpur
16. Sikrahna

कानपुर के लिए वायु सेवा का बन्द किया जाना

*553. **चौधरी हर मोहन सिंह :** क्या **नागर विमानन और पर्यटन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कानपुर की वायु सेवा को बंद कर दिया गया है ;

(ख) यदि हां, तो उसे कब बंद किया गया और उसके क्या कारण हैं ;

(ग) क्या यह सच है कि कानपुर हवाई मार्ग का घाटा उन दूसरे मार्गों से कम था जिन पर वायु सेवायें बंद की गई हैं ; और

(घ) बंद की गई वायु सेवाओं का ब्यौरा क्या है, तथा प्रत्येक वायु सेवा पर कितना घाटा हुआ है ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया) : (क) और (ख) विमान क्षमता संबंधी अवरोधों और अपर्याप्त लोड फैक्टर के कारण कानपुर के लिए इंडियन एयरलाइन्स की सेवा को 20-5-1992 से बंद कर दिया गया था ।

(ग) और (घ) पिछले एक वर्ष के दौरान, दिल्ली-कानपुर-गोरखपुर-दिल्ली और दिल्ली-कानपुर-इलाहाबाद- दिल्ली को छोडकर इंडियन एयरलाइन्स की और किसी सेवा को बंद नहीं किया गया है ।

वायुदूत के वायु मार्ग

*554. **श्रीमती सत्या बहिन :** क्या **नागर विमानन और पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में वायुदूत द्वारा किन-किन वायुयानों पर कितने-कितने विमान चलाए जा रहे हैं ;

(ख) क्या यह सच है कि इंडियन एयरलाइन्स के किरायों की तुलना में वायुदूत में किराए अधिक हैं; यदि हां तो उसका ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या यह भी सच है कि वायुदूत को अपने विमानों के रख-रखाव पर अपेक्षाकृत अधिक खर्च करना पड़ रहा है ; और

(घ) इस समय वायुदूत द्वारा चलाए जा रहे विमान कितने पुराने हो चुके हैं ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया) : (क) वायुदूत द्वारा परिचालित हवाई मार्गों की एक